Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

बहुविकल्पी प्रश्न

1. भारत का क्षेत्रफल कितना है?

(अ) 28.85 लाख वर्ग कि.मी. (ब) 36.88 लाख वर्ग कि.मी.

(स) 32.87 लाख वर्ग कि.मी. (द) 33.89 लाख वर्ग कि.मी.

2. किस राज्य की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है ?

(अ) मणिपुर (ब) मिजोरम

(स) त्रिपुरा (द) मेघालय

3. निम्नलिखित याम्योत्तर में से कौन-सा भारत का मानक याम्योत्तर है?

(अ) 69°30′ पूर्व (ब) 75°30′ पूर्व

(स) 82°30′ पूर्व (द) 90°30′ पूर्व

4. भारत का अक्षांशीय और देशांतरीय विस्तार कितना है?

(अ) 36° (ब) 45°

(स) 30° (द) 40°

5. भारत के किस राज्य के तीनों ओर अन्तराष्ट्रीय सीमाएं हैं?

(अ) नागालैंड (ब) अरुणाचल प्रदेश

(स) पश्चिम बंगाल (द) त्रिपुरा

6. हिंद महासागर में स्थित भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम हैं-

(अ) श्रीलंका, मालदीव (ब) बांग्लादेश, म्यामांर

(स) श्रीलंका, बांग्लादेश (द) उपरोक्त सभी

7. भारत की पूर्व से पश्चिम तक की कितनी चौड़ाई है?

(अ) 2855 किलोमीटर (ब) 3322 किलोमीटर

(स) 2933 किलोमीटर (द) 3104 किलोमीटर

8. भारत का क्षेत्रफल विश्व के स्थलीय धरातल का कितने प्रतिशत भाग है?

(अ) 2.4 प्रतिशत (ब) 4.2 प्रतिशत

(स) 4.4 प्रतिशत (द) 3.4 प्रतिशत

9. भारत का क्षेत्रफल विश्व के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?

(अ) 3.2 प्रतिशत (ब) 2.8 प्रतिशत

(स) 2.4 प्रतिशत (द) 4.5 प्रतिशत

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

10. भारतीय मानक याम्योत्तर किस राज्य से होकर नहीं गुजरती है?

(अ) छत्तीसगढ़, उड़ीसा (ब) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश

(स) आंध्रप्रदेश (द) बिहार

रिक्त स्थान

11. भारत का मानक समय याम्योत्तर _____ पूर्वी देशांतर है।

12. भारत की मुख्य भूमि की उत्तर-दक्षिण लंबाई लगभग _____ किलोमीटर है।

सत्य/असत्य

13. भारत का भौगोलिक विस्तार अक्षांशों में 8°4′ उत्तर से 37°6′ उत्तर तक है।

14. 2. भारत का मानक याम्योत्तर 75°30′ पूर्वी देशांतर है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. भारत के पश्चिम और पूर्व में स्थित दो-दो देशों के नाम बताइए।

16. भारतीय उपमहाद्वीप में कौन-कौन से देश शामिल हैं?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. भारत एवं उसके पड़ोसी देशों के बारे में व्याख्या करें।

18. विदेशी उत्तर-पश्चिम में स्थित किन दरों से होकर भारत में प्रवेश करते थे?

निबंधात्मक प्रश्न

19. भारत के आकार ने इसे विशिष्ट भौतिक विविधता प्रदान की है। व्याख्या करें।

20. भारत का देशांतरीय फैलाव इसके लिए किस प्रकार लाभप्रद है?

HOTS

21. जबकि पूर्व में, उदाहरणतः नागालैंड में, सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है, फिर कोहिमा और नई दिल्ली में घड़ियाँ एक ही समय क्यों दिखाती हैं?

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

उत्तरमाला

1. **(स)**
भारत का क्षेत्रफल 32.8 लाख (32,87,263) वर्ग कि.मी. है। जो विश्व के स्थलीय धरातल का 2.4% है।

2. **(अ)**
मणिपुर की सीमा म्यामांर से लगती है ना कि बांग्लादेश से।

3. **(स)** 82°30′ पूर्व

4. **(स)**
भारत का देशांतरीय विस्तार 68°7′ पूर्व देशांतर से 97°25′ पूर्व देशांतर के मध्य है. कर्करेखा (23°30' उत्तरी अक्षांश) भारत को उत्तर-दक्षिण दो भागों में बांटती है. भारत के अक्षांशीय और देशान्तरीय विस्तार का अंतर लगभग 30° है।

5. **(द)**
त्रिपुरा राज्य तीनों ओर से बांग्लादेश से घिरा हुआ है।

6. **(अ)**
हिंद महासागर में स्थित भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम हैं- श्रीलंका, मालदीव ।

7. **(स)**
भारत की पूर्व से पश्चिम तक 2933 किलोमीटर की चौड़ाई है।।

8. **(अ)**
भारत का क्षेत्रफल विश्व के स्थलीय धरातल का 2.4 प्रतिशत भाग है।

9. **(स)**
भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर, जो विश्व का क्षेत्रफल का 2.42% है।

10. **(द)**
भारतीय मानक याम्योत्तर बिहार राज्य से होकर नहीं गुजरती है।

11. 82°30′

12. 3,214

13. सत्य

14. असत्य

15. i. भारत के पश्चिम में स्थित देश: पाकिस्तान और अफगानिस्तान,
ii. पूर्व में स्थित देश: म्यांमार और बांग्लादेश।

16. भारतीय उपमहाद्वीप में आमतौर पर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश सम्मिलित किए जाते हैं, और नेपाल, भूटान और श्रीलंका को भी प्रायः सम्मिलित किया जाता है और कभी-कभी अफ़गानिस्तान और मालदीव भी सम्मिलित किए जाते हैं।

17. पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमा की लंबाई 15200 किमी. है। जिसमें उत्तर में चीन के साथ 3917 कि. मी., उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के साथ 80 कि.मी. तथा उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान के साथ 3310 किमी. लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

भारत की उत्तर में नेपाल के साथ 1752 किमी. पूर्व में म्यांमार के साथ 1458 कि.मी. तथा उत्तर में भूटान के साथ 587 किमी. लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है। भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित है और बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के रूप में विस्तृत इसकी दोनों भुजाएँ हिंद महासागर के साथ सीमा बनाती हैं। श्रीलंका और मालद्वीप हिंद महासागर में स्थित दो द्वीपीय देश है जो भारत के पड़ोसी हैं। श्रीलंका भारत से मन्नार की खाड़ी और पाक जल संधि द्वारा अलग है।

18. विदेशी उत्तर-पश्चिम में स्थित खैबर और बोलन दरों से होकर भारत में प्रवेश करते थे।

19. विश्व मानचित्र में भारत की बहुत महत्वपूर्ण स्थिति है। भौगोलिक दृष्टिकोण से दक्षिण एशिया में भारत एक विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ देश है जिसके उत्तर में संसार की सबसे ऊंची हिमालय पर्वत श्रेणी है एवं दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है। राजनीतिक क्षेत्र में भारत ने विश्व समुदाय के मध्य एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। भारत के आकार ने इसे विशिष्ट भौतिक विविधता प्रदान की है। यहाँ ऊँचे पर्वत तथा गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी, कृष्णा, गोदावरी और कावेरी जैसी बड़ी नदियाँ हैं। उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भारत में वनाच्छादित पहाड़ियाँ हैं। जबकि पश्चिम में मरुस्थली रेत का विस्तृत फैलाव है। उत्तर में हिमालय पर्वत, उत्तर-पश्चिम में हिंदूकुश व सुलेमान श्रेणियाँ, उत्तर-पूर्व में पूर्वाचल पहाड़ियाँ तथा दक्षिण में विशाल हिंद महासागर से सीमांकित यह एक बृहत भौगोलिक इकाई है, जिसे भारतीय उपमहाद्वीप कहा जाता है। इसमें पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और भारत आते हैं। भूत काल में हिमालय अपनी अन्य श्रेणियों के साथ एक मजबूत भौतिक अवरोधक की भूमिका निभाता रहा है। खैबर, बोलन, शिपकिला, नाथुला तथा बोमडीला जैसे कुछ पहाड़ी दरों को छोड़कर इसे पार करना मुश्किल था। हिमालय पर्वत ने भारतीय उपमहाद्वीप की एक अद्वितीय क्षेत्रीय पहचान स्थापित करने में सहायता की है। भारत और ये देश कुल मिलाकर विश्व की समस्त जनता का लगभग पाँचवाँ हिस्सा रखते हैं इसलिए अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भूमंडल के इस भाग का अध्ययन बहुत ही रुचिकर है। भारत का प्रायद्वीप भाग हिंद महासागर की ओर उभरा हुआ है। भारत की संपूर्ण तटरेखा द्वीप समूहों सहित 7517 किलोमीटर है। अतः एक देश के रूप में भारत भौतिक दृष्टि से विविधतापूर्ण भू-भाग है, जिससे यहाँ विभिन्न प्रकार के संसाधन पाए जाते हैं।

20. भारत 68° पूर्वी देशांतर से 97° पूर्वी देशांतर के मध्य फैला हुआ है। अर्थात् भारत का देशांतरीय विस्तार 30° है जो हमारे देश के सबसे पूर्वी तथा सबसे पश्चिमी भागों के मध्य लगभग 2 घंटे का अंतर उतपन्न करता है। जिस वजह से गुजरात की अपेक्षा अरुणाचल प्रदेश में दो घंटे पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होता है। इन दोनों क्षेत्रों के सूर्योदय और सूर्यास्त के समय में अंतर होने के बाद घड़ी के समय में अंतर नहीं होता है।

21. नागालैंड में सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है तथा नई दिल्ली में सूर्योदय और सूर्यास्त में होता है। लेकिन समय दोनों स्थानों पर एक ही होता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि भारत के अनेक स्थानों के समय में अंतर न हो इसके लिए एक मानक समय रेखा 82° 30' पर खींची गई है जो इलाहाबाद के पास से गुजरती है। इसलिए भारत के विभिन्न स्थानों में सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समय में अंतर होने के बाद घड़ी के समय में अंतर नहीं होता।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES